**14/08**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और अस्थिरता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर आगे बढ़ रही है। अब से थोरी देर पहले अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आर्थिक अनुमानों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर औसत वैश्विक विकास दर से दोगुनी से ज़्यादा रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' ने देश की आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा की नींव को और मज़बूत किया है। राष्ट्रपति ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत ने समय-सीमा से पहले ही कुछ 'सतत विकास लक्ष्य 2030' हासिल कर लिए हैं।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश पुलिस के डिप्युटी कमांडेंट निकोम रिबा को स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस के लिए चुना गया है। पुलिस सेवा श्रेणी में अरुणाचल प्रदेश से इस सम्मान के लिए चुने जाने वाले वे एकमात्र अधिकारी हैं। मेडल फॉर मेरिटोरियस सर्विस एक राष्ट्रीय सेवा पदक है, जो पुलिस, अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा, होम गार्ड और सुधार सेवाओं के ऐसे कर्मियों को प्रदान किया

जाता है, जिन्होंने अपनी सूझबूझ और कर्तव्य के प्रति समर्पण के साथ उल्लेखनीय सेवा दी हो। इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने डिप्युटी कमांडेंट निकोम रिबा को बधाई दी।

000000000000000000000000000

देश के अन्य हिस्सों के साथ अरुणाचल प्रदेश में भी आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। नाहरलागुन में अरुणाचल प्रदेश सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कला एवं संस्कृति निदेशालय ऑडिटेरियम में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत के इतिहास के सबसे पीड़ादायक अध्यायों में से एक, विभाजन की त्रासदी को याद करते हुए पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में विभाजन की विभीषिका पर आधारित एक ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। इसी तरह पासिघाट, दापोरिजो और तवाङ में भी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आयओजित किया गया।

000000000000000000000000000

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोक भवन गेम्स एंड स्पोर्ट्स प्रतियोगिता, जो गत दस अगस्त से शुरू हुई, आज ईटानगर स्थित लोक भवन में संपन्न हुई। यह आयोजन “Physically Strong, Mentally Awake, Morally Straight” विषय के तहत आयोजित किया गया। यह विषय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक रिटायर्ड की उस सोच

को दर्शाता है, जिसमें स्वस्थ शरीर, सजग मन और मजबूत नैतिक मूल्यों वाले व्यक्तियों के विकास पर जोर दिया गया है। राज्यपाल ने लोक भवन और इससे संबद्ध विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वयं भी विभिन्न खेल गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाते हुए राज्यपाल ने कहा कि शारीरिक फिटनेस केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं, बल्कि अनुशासित और उत्पादक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि खेलों से दृढ़ता, टीम भावना, नेतृत्व और ईमानदारी जैसे गुण विकसित होते हैं तथा व्यक्ति शारीरिक रूप से मजबूत और मानसिक रूप से चुस्त बना रहता है।

0000000000000000000000000000

तवाङ पुलिस ने त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए ईस्ट कामेंग जिले के बाना स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल से लापता हुए चार नाबालिग छात्रों को सुरक्षित ढूंढ निकाला। आज दोपहर सेपा पुलिस से टेलीफोन के माध्यम से मिले सूचना के बाद, तवाङ पुलिस स्टेशन की एक टीम ने तवाङ पुलिस अधीक्षक तासी दाराङ की निगरानी में तवांग शहर और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया। लगातार किए गए तलाशी अभियान के दौरान चारों नाबालिगों को तवांग के परेड ग्राउंड क्षेत्र के पास सुरक्षित रूप से ढूंढ लिया गया। बरामदगी के बाद चारों नाबालिगों को आवश्यक

औपचारिकताओं, बातचीत और निगरानी के लिए तवांग पुलिस स्टेशन लाया गया, जहां बाल कल्याण समिति द्वारा उनकी निगरानी की गई।

0000000000000000000000000000

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ईटानगर नगर निगम के सभी बीस वार्ड में सामूहिक सामाजिक सेवा और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान निरजुली मुख्य बाजार में विशेष स्वच्छता अभियान भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर आईएमसी के डिप्टी मेयर तोक ताबिन कामदिर ने कहा कि निगम के प्रत्येक वार्ड में इस तरह की सामूहिक सामाजिक सेवा गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, ताकि नागरिकों में स्वच्छता और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया जा सके।

0000000000000000000000000000

दपोरिजो उपायुक्त की अध्यक्षता में आज एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें दापोरिजो क्लीन टाउन मिशन के तहत शुरू किए जाने वाले DAPO 100 कार्यक्रम पर चर्चा की गई। यह समुदाय आधारित पहल लगातार जनभागीदारी के माध्यम से जिम्मेदार कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

0000000000000000000000000000

पासिघाट स्थित सिगार मिलिट्री स्टेशन के स्पीयरहेड गनर्स द्वारा आज असम के धेमाजी जिले के जोनाई साइंस कॉलेज में एक यूथ आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में “Join Indian Army” विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया गया। इसमें कक्षा पांचवीं से लेकर डिग्री के प्रथम वर्ष तक के एक सौ बीस विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000000000000